बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

ई–मेल
फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– **ceo_bihar@eci.gov.in**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 25 मार्च, 2025

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में जिला स्तरीय स्वीप नोडल पदाधिकारियों की कार्यशाला आयोजित

आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय में राज्य के सभी 38 जिलों के स्वीप नोडल पदाधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वीप गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाना और विभिन्न सहभागी समूहों–युवा, महिला, दिव्यांग मतदाता, मीडिया, राजनीतिक दलों एवं नागरिक समाज की भागीदारी को बढ़ाना था।

बिहार में मतदान प्रवृत्ति (VTR) का विश्लेषण एवं आगामी रणनीति

बैठक में बिहार में मतदान प्रतिशत VTR का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। आंकड़ों के अनुसार, बिहार का कुल मतदान प्रतिशत VTR पिछले कुछ निर्वाचनों में लगभग **56%** से **57%** पर स्थिर बना हुआ है।

General Elections to Legislative Assembly	Male VTR	Female VTR	Total VTR
GELA 2015	53.32%	60.48%	56.88%
GELA 2020	54.45%	56.69%	57.29%

General Elections to Lok Sabha	Male VTR	Female VTR	Total VTR (Bihar)	Total VTR (India)
GELS 2019	54.09%	59.58%	57.33%	67.4%
GELS 2024	53.00%	59.45%	56.28%	66.1%